आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- अयोध्या में छब्बीस लाख सत्रह हजार दो सौ पन्द्रह दीपों के प्रज्ज्लन से आठवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ दीपोत्सव कार्यक्रम। सरयू तट पर इक्कीस सौ अट्ठाइस वेदाचार्यो और संतों ने भी एक साथ महाआरती कर बनाया कीर्तिमान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित। कहा– पांच सौ वर्षों के अंधकार पर आस्था की विजय का प्रतीक है दीपोत्सव।
- प्रदेश भर में आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दीपावली का पर्व। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीं शुभकामनाएं।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में सामुदायिक विकास केन्द्र का किया उद्घाटन। कहा– विश्व स्तरीय शहर बनेगा लखनऊ।

**********

श्रीराम नगरी अयोध्या में कल 9वें दीपोत्सव में राम की पैड़ी समेत छप्पन घाटों पर छब्बीस लाख सत्रह हजार दो सौ पन्द्रह दीये प्रज्जवलित कर नया कीर्तिमान बनाया गया। गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने इस नये कीर्तिमान की औपचारिक घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रमाण पत्र सौंप दिया है। भव्य दीपोत्सव में अयोध्या के आकाश में रंग–बिरंगी रोशनी युक्त ग्यारह सौ ड्रोन की मदद से लेजर शो और इक्कीस सौ अट्ठाइस वेदाचार्यो द्वारा सरयू की महाआरती आकर्षण का केन्द्र बनी।

इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और संजय निषाद सहित अनेक विशिष्टजन शामिल हुए। एक रिपोर्ट.....

***संपूर्ण विश्व के रामभक्तों के गर्व के प्रतीक भगवान राम लला के समक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीप प्रज्वलित करते ही राम की पैड़ी के 56 घाटों पर बिछाए गए 26 लाख से अधिक दीपों को भी प्रज्वलित कर दिया गया, इससे पहले 2100 पुरोहितों ने एक साथ सरयू आरती की और दीप प्रज्वलन के बाद 1100 ड्रोन ने रामायण आधारित प्रसंग सृजित कर त्रेता काल के स्मरण को जीवंत कर दिया। इस प्रकार दीपोत्सव के नवें संस्करण ने भी अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़ते हुए तीन नए विश्व कीर्तमान पुनः स्थापित कर दिया, इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वशिष्ठ की भूमिका निभाते हुए भगवान राम का राज्याभिषेक संपन्न किया। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

इससे पहले अयोध्या में भक्ति, संस्कृति और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिला, जब पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने साकेत महाविद्यालय परिसर में जय श्रीराम का ध्वज लहराते हुए रामायण पर आधारित भव्य शोभा यात्रा को रवाना किया। यह शोभा यात्रा त्रेतायुग की झलक प्रस्तुत करती हुई श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्साह की अद्भुत मिसाल बनी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संतजन भी उपस्थित रहे। रामकथा पार्क में शोभा यात्रा समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दीपोत्सव विरासत और विकास का जीवंत उदाहरण पेश कर रहा है।

**विरासत और विकास का यह अद्भुत संगम अयोध्या में हम सबको इस रूप में देखने को मिल रहा है। 17 से 25 के बीच की इस यात्रा को मात्र 9 वर्षों में आपने देखा होगा 25–50 हजार द्वीप जिस अयोध्या में नहीं मिलते थे। इस बार 26 लाख से अधिक द्वीप तो केवल अयोध्या धाम में प्रज्वलित हो रहे हैं और अगर पूरे प्रदेश भर के अंदर मैं इसकी गणना करूं तो मैं कह सकता हूं कि कम से कम पूरे प्रदेश के अंदर ही 1 करोड़ 51 लाख द्वीप अकेले दीपोत्सव के दिन पर जल रहे हैं।**

**********

पिछले आठ साल से हर वर्ष आयोजित हो रहे दीपोत्सव ने देश विदेश में अयोध्या नगरी का आकर्षण और बढ़ा दिया है। यही वजह है कि यहां पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। दो हजार सत्रह में दीपोत्सव शुरू हुआ था। पिछले आठ साल के दौरान यहां सोलह करोड़ तैंतालीस लाख तिरानबे हजार चार सौ चौहत्तर भारतीय और छब्बीस हजार अड़तालीस विदेशी श्रद्धालु आये। इस तरह कुल सोलह करोड़ चौवालीस लाख, उन्नीस हजार पांच सौ बाइस लोगों ने अयोध्या नगरी के दर्शन किये। वहीं इस साल जनवरी से जून तक तेइस करोड़ इक्यासी लाख चौसठ हजार सात सौ चौवालीस भारतीय और उन्चास हजार नौ सौ तिरानबे विदेशी समेत कुल तेइस करोड़ बयासी लाख चौदह हजार सात सौ सैंतीस श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिये पहुंचे।

**********

ज्योतिपर्व दीपावली आज प्रदेश भर में उत्साह और उमंग के साथ परम्परागत ढंग से मनाई जा रही है। लोग अपने–अपने घरो की साफ–सफाई कर रहे हैं जहां शाम ढ़लते ही दीपों और मोमबत्तियों की रौशनी जगमगा उठेगी। बाजारो में भवनों को बिजली की आकर्षक झालरो से सजाया गया है। सभी स्थानों पर देर शाम सुख सम्पत्ति और धन की देवी माता लक्ष्मी तथा विघ्नविनाशक भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना की जायेगी। दीपावली पर्व की तैयारियों के लिए कल देर रात तक लोगों ने बाजारो में खरीददारी की। इस बार दीपावली में मिट्टी के दीए जलाने के लिए लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस बीच कल छोटी दीपावली पर लोगों ने अपने–अपने घरो के सामने दीए जलाए। दीपावली के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। प्रदेश के सभी जिलों के

सरकारी अस्पतालों में अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 108 और 102 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कल अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड और लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बनाये गये सामुदायिक विकास केन्द्र का जानकीपुरम में उद्घाटन किया। इस अवसर पर रक्षामंत्री ने कहा कि दुनिया के अधिकांश देश एयर कनेक्टिविटी के जरिये ज़ल्द ही लखनऊ से जुड़ जायेंगे। श्री सिंह ने बताया कि रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिये डीआरडीओ लैब लखनऊ लाई गई हैं। इस लैब में युवा अनुसंधान करेंगे और भारत को रक्षा क्षेत्र में अग्रणी बनायेंगे। रक्षा मंत्री ने एक पुस्तकालय का शुभारम्भ और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया। इस दौरान उन्होंने दो सौ पचास ओपन जिम का लोकार्पण और लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में हुए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि वह लखनऊ के सम्रग विकास और इसे विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

***बहुत सारे काम हो चुके हैं। 14 फ्लाई ओवर लखनऊ में और 11 फ्लाईओवर और स्वीकृत हैं। यदि ट्रेन में बैठकर लोग जाना चाहें कहीं पर भी हमारे लखनऊ के लोग तो सर्कुलर ट्रेन पूरे लखनऊ के चारों उसके सर्वे के लिए भी पैसा स्वीकृत हो चुका है और हमारा लखनऊ विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ चला है। लेकिन, इससे इतने से ही मैं संतुष्ट नहीं हूं। चाहता हूं कि यह लखनऊ हमारा नंबर वन पर आ जाए।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की बाइस तारीख को शुरू किए गए वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधार नागरिकों के लिए वाहनों को अधिक किफायती बनाकर भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र को महत्वपूर्ण बढ़ावा दे रहे हैं। नये जीएसटी के तहत 1200 सीसी तक की पेट्रोल कारों, 1500 सीसी तक की डीजल कारों तथा 3 सौ 50 सीसी या उससे कम क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार, तिपहिया और माल परिवहन वाहनों पर अब 28 प्रतिशत जीएसटी के बजाय केवल 18 प्रतिशत कर लग रहा है। इन सुधारो से, ये सभी वाहन मध्यम वर्गीय परिवारों, छात्रों, पेशेवरों और परिवहन मालिकों सहित विभिन्न वर्ग के नागरिकों के लिए अधिक किफायती हो गयी है। इसके अलावा, यह बदलाव ऑटोमोबाइल उद्योगों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने तथा बिक्री बढ़ाने में मदद कर रहा है। भानु प्रताप सिंह के साथ, दिलनशी आरजू, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कल लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सत्ता की चाबी हासिल करने पर ही दलितों को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक शोषण से मुक्ति मिल सकती है। सुश्री मायावती ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी संविधान के मानवतावादी और जन कल्याणकारी सोच की अम्बेडकरवादी पार्टी है। बसपा प्रमुख ने देश में बेरोजगारी और महिला सुरक्षा को लेकर सत्तारूढ़ दल की आलोचना भी की।

**********